(1/2)


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## अस्थाई खण्ड,लो0नि0वि0,सहिया देहरादून

Office of the Executive Engineer, Ty.Divi., PWD, Sahiya, Dehradun Uttarakhand
Phone/ Fax:- 01360-276595
E-mail: eepwdsahiyakalsi@gmail.com
Web-http://uk.pwd.gov.in


पत्रांक– /6सी0 दिनांक / /2025

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
चकराता वन प्रभाग,
चकराता, कालसी।

विषयः– जनपद देहरादून में राज्य योजना वर्ष 2011–12 के अन्तर्गत विधानसभा विकासनगर के ग्राम हरिपुर से मुख्य मार्ग जूनियर हाईस्कूल की ओर सड़क निर्माण हेतु 0.1134 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के संबंध में। (प्रस्ताव संख्या– FP/UK/ROAD/146873/2021)

सन्दर्भः– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून के पत्र सं0 8बी/यू0सी0पी0/06/02/2025/एफ0सी0/1460 दिनांक 18.03.2025।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र द्वारा लगायी गयी आपत्ति जो इस कार्यालय में अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कॉलोनी, देहरादून के पत्रांक 2352/12–1 दिनांक 25.03.2025 द्वारा प्राप्त हुई है का निराकरण निम्नानुसार हैः–

| क0स0 | आपत्तिया | आपत्तियों का निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | The CA details (CA Maps, Suitability Certificate and KML) have not been submitted which shall be submitted. | बिन्दु सं0 01 के कम में अवगत कराना है कि सी0ए0 मैप तथा के0एम0एल0 के Co-ordinates हेतु इस कार्यालय के पत्र सं0 946/6सी0 दिनांक 16.06.2025 द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी चकराता को पत्र प्रेषित किया गया है। Co-ordinates प्राप्त होने के उपरान्त के0एम0एल0 फाईल तैयार की जाएगी। CA details व Suitability Certificate प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय द्वारा दिया जाना है। |
| 2 | The road length given in the proposal is 315 m and width is 3.6 m only. Justification shall be submitted for such road width. | बिन्दु सं0 02 के कम में अवगत कराना है कि यह मार्ग जिसकी कुल स्वीकृत लम्बाई 0.825 किमी0 है, इस क्षेत्र में स्थित जूनियर हाई स्कूल को जोडता है। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि इस मार्ग पर यातायात अत्यन्त कम है। इस मार्ग का निर्माण मुख्यतः जूनियर हाई स्कूल को संयोजकता प्रदान करने के उद्देश्य से किया जाना है। इस स्थान पर स्थानीय लोगों द्वारा बनाया गया कच्चा पैदल ट्रैक पूर्व से ही विद्यमान था, जिसकी औसत चौडाई 3.6 मी0 थी। अतः मितव्यता के दृष्टिगत पूर्व निर्मित ट्रेक के अनुसार 3.6 मीटर ही सीमेंट कंक्रीट मार्ग का निर्माण किया जाना प्रस्तावित किया गया है। |
| 3 | As per KML file of road, it seems that an existing road/path is already available. Detailed information is required to be submitted about violation under van (Sanrakshan Evam | बिन्दु सं0 03 के कम में अवगत कराना है कि इस स्थान पर स्थानीय लोगो द्वारा निर्मित एक कच्चा पैदल ट्रैक पूर्व से विद्यमान था जिसकी लम्बाई 825 मीटर थी। लो0नि0वि0 द्वारा मात्र 390 मी0 नाप भूमि पर स्थित इस पैदल ट्रैक पर सी0सी0 मार्ग का निर्माण किया गया है। शेष लंबाई 435 मीटर में 120 मीटर में नाप भूमि है तथा 315 मीटर में वनभूमि है जिस पर किसी प्रकार का निर्माण लो0नि0वि0 द्वारा नही किया गया है। |

| | |
|---|---|
| Samvardhan) Adhiniyam 1980, if any. | इस प्रकार वन संरक्षण एवं संवर्धन अधिनियम का उल्लंघन लो0नि0वि0 द्वारा नही किया गया है। |

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि बिन्दु स0 1 के कम में सी0ए0 मैप तथा के0एम0एल0 के Co-ordinates उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर अग्रिम कार्यवाही की जा सकें।

(इं0 रचना थपलियाल)
अधिशासी अभियन्ता

पत्रांकः– 1109/6 स्नी0 दिनांक :– 09/07/25

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1:– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरागर, फोरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून को उनके पत्रांक 2352/12–1 दिनांक 25.03.2025 के कम में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2:– वन संरक्षक, यमुना वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

3:– जिलाधिकारी, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

4:– अधीक्षण अभियन्ता, 9वॉ वृत्त, लो0नि0वि0, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

5:– सहायक अभियन्ता चतुर्थ, अ0ख0, लो0नि0वि0, सहिया को सूचनार्थ प्रेषित।

6:– वनभूमि सहायक/खण्डीय अमीन, अ0ख0, लो0नि0वि0, सहिया को सूचनार्थ प्रेषित।

09/07/25
अधिशासी अभियन्ता